दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

ध्यान रखा जा रहा है। की इसी आवश्यकता को युक्तिसंगत लिए प्रेरित करना था।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, जालंधर ने 73वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कैंप लगाया

सवेरा न्यूज

जालंधर, 5 फरवरी : कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधीन उप-क्षेत्रीय कार्यालय, जालंधर द्वारा आज मै. सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, शाहपुर कैंपस जालंधर में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में सुनील कुमार यादव (उप निदेशक प्रभारी), दिलवर सिंह (सहायक निदेशक), रमेश लाल (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी) ने भाग लिया। शिविर में कंपनी के लगभग 250 कर्मचारियों शामिल थे। सुनील कुमार यादव (उप निदेशक प्रभारी) द्वारा बीमित व्यक्तियों को ईएसआईसी के सभी हितलाभों के साथ-साथ नवीनतम योजनाएं जैसे कि आईपी पोर्टल से बीमारी हितलाभ, अस्थायी अपंगता हितलाभ व मातृत्व हितलाभ ऑनलाइन दावा प्रस्तुत करने हेतु इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक से बताया गया। इसके अलावा दिलवर सिंह (सहायक निदेशक) द्वारा कर्मचारियों को ईएसआई की वैबसाइट ईसीआईसी डॉट एनआईसी डॉट इन तथा मोबाइल एप्प एएए+ के द्वारा अपने व अपने परिवार के सदस्यों का आधार सीड करने के बारे में भी जागरूक किया गया। मै. सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशंस के एडमिन ऑफिसर जतिंदर सिंह सिद्धू ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के इस प्रयास को सराहा।

JALANDHAR SAVERA Edition
Feb 6, 2024 Page No. 4
Powered by : eReleGo.com (http://erelego.com)